<u>समाचार</u>

# स्वच्छता दीदियों का ड्राईविंग लाईसेंस बनाने 02 जुलाई को सियान सदन में लगेगा शिविर




कोरबा 28 जून 2025 – नगर पालिक निगम कोरबा में ई–रिक्शों के माध्यम से डोर–टू–डोर अपशिष्ट संग्रहण करने वाली स्वच्छता दीदियों व स्वच्छता कामगारों का ड्राईविंग लाईसेंस बनाए जाने हेतु आयुक्त श्री आशुतोष पाण्डेय के मार्गदर्शन में निगम द्वारा आर.टी.ओ.कार्यालय के सहयोग से 02 जुलाई

को घंटाघर के समीप स्थित सियान सदन में प्रातः 11 बजे से शिविर का आयोजन किया गया है। इस शिविर के माध्यम से कार्य में संलग्न सभी स्वच्छता दीदियों का लाईसेंस बनाया जाएगा।

यहॉ उल्लेखनीय है कि नगर पालिक निगम कोरबा क्षेत्र के सभी वार्डो में डोर–टू–डोर अपशिष्ट संग्रहण की प्रभावी व्यवस्था की गई हैं तथा शत प्रतिशत घरों से प्रतिदिन डोर–टू–डोर अपशिष्ट संग्रहण का कार्य स्वच्छता दीदियों के माध्यम से कराया जा रहा है। निगम क्षेत्र में वर्तमान में कुल 282 मेन्युअल व ई–रिक्शों की सेवाएं ली जा रही हैं, ई–रिक्शा के माध्यम से डोर–टू–डोर अपशिष्ट संग्रहण का कार्य करने वाली स्वच्छता दीदियों व स्वच्छता कामगारों को किसी प्रकार की असुविधा कार्य के दौरान न हों, सड़क संबंधित सुरक्षा सुनिश्चित रहें, इसको ध्यान में रखते हुए उनका ड्राईविंग लाईसेंस बनाया जाना हैं, इस हेतु जिला परिवहन कार्यालय के सहयोग से निगम द्वारा घंटाघर के समीप स्थित सियान सदन में 02 जुलाई को प्रातः 11 बजे से एक दिवसीय शिविर आयोजित किया जाएगा, जिसमें सभी स्वच्छता दीदियों से आवश्यक दस्तावेज लेकर उन्हें तत्काल लर्निंग लाईसेंस बनाकर दिया जाएगा।